Title: Need to provide more train services in Jodhpur Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर): मैं राजस्थान प्रदेश के जोधपुर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जिसे पुराने समय में मारवाड़ क्षेत्र कहा जाता था। मारवाड़ के खासकर जोधपुर, पाली, नागौर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जेसलमेर एवं बीकानेर के लाखों लोग दक्षिण भारत एवं मुम्बई में रहते हैं। इन लोगों को मारवाड़ आने जाने में रेल यातायात की वजह से काफी परेशानी होती है इसलिए बंगलौर ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलाई जाए, नव जीवन एक्सप्रेस अहमदाबाद से जोधपुर तक और सूर्य नगरी को अहमदाबाद से मुम्बई तक बढ़ायी जाये। ये सभी ट्रेनें व्यवसायिक होगी एवं लाखों लोगों को आने जाने की सुविधा भी हो जायेगी। मारवाड़ का दक्षिण भारत से सीधा संबंध होने से देशी एवं विदेशी पर्यटकों को भी सुविधा हो जायेगी, जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी।